# पुलिस ने 16 स्कूली बसों की चेकिंग

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को पुख्ता करने और सड़क हादसों को रोकने के लिए एक विशेष स्कूली वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। 8 जुलाई से 17 जुलाई तक

**ओवरलोडिंग और बिना फिटनेस पर 10 वाहनों के चालान काटें**

चलने वाले इस 10 दिवसीय अभियान के तहत, श्योपुर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने कस्बा श्योपुर और कस्बा बड़ौदा में सख्त चेकिंग कार्रवाई की।

यातायात थाना प्रभारी




निरीक्षक संजय सिंह राजपूत ने अपनी टीम और बड़ौदा थाना पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग चिन्हित स्थानों पर नाकेबंदी कर स्कूली वाहनों को खंगाला। इस कार्रवाई से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया।

**चेकिंग रिपोर्ट किस कमी पर हुई कार्रवाई?**

अभियान के दौरान कुल 16 स्कूली वाहनों की गहनता से जांच की गई। इनमें से 10 वाहनों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई और कुल 28,700 का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है-

ओवरलोडिंग (क्षमता से अधिक बच्चे) – 06 वाहन

बिना फिटनेस दौड़ती बसें- 02 वाहन

बिना अग्निशामक यंत्र – 01 वाहन

बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र – 01 वाहन

इन स्कूलों की बसों पर गिरी गाज

राजीव गांधी स्कूल, बड़ौदा- चेकिंग के दौरान इस स्कूल की तीन बसों में खतरनाक तरीके से ओवरलोडिंग पाई गई। दो बसों में क्षमता से 25-25 बच्चे और एक बस में 15 बच्चे अतिरिक्त (ओवरलोड) बैठे मिले, जिन पर पुलिस ने सख्त कानूनी कार्रवाई की।

**मॉडर्न स्कूल, पाली रोड (श्योपुर)-** यहाँ बसों के दस्तावेज, मेडिकल किट, अग्निशामक यंत्र और इमरजेंसी गेट (आकस्मिक द्वार) की जांच की गई। जांच में एक बस बिना फिटनेस के चलती पाई गई, जिस पर तत्काल चालान बनाया गया।

> **पुलिस की सख्त हिदायत और अपील**
>
> यातायात पुलिस ने सभी स्कूल प्रबंधन और वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दी है कि वे बिना बीमा, फिटनेस, परमिट या ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन सड़क पर न उतारें। साथ ही वाहनों में स्पीड गवर्नर, मेडिकल किट और अग्निशमन यंत्रों की कमी को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **यातायात पुलिस की अपील-** सभी स्कूली वाहन चालक यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करें। बसों पर रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट लिखें, क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाएं, तेज रफ्तार या खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं और सबसे महत्वपूर्ण/शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत परिवारों की मैपिंग का लक्ष्य

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, सशक्त एवं विकासोन्मुख बनाने की दिशा में जिला पंचायत श्योपुर द्वारा आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत अभियान मिशन मोड में प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त 236 ग्राम पंचायतों में पंचायत दर्पण पोर्टल पर शत प्रतिशत परिवारों की मैपिंग करने तथा पंचायतों की स्वयं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को जलकर, स्वच्छता कर, प्रकाश कर, संपत्ति कर, भवन अनुज्ञा शुल्क, व्यापार एवं व्यवसाय लाइसेंस शुल्क, हाट-बाजार शुल्क, पंचायत परिसंपत्तियों से प्राप्त आय, उपयोगकर्ता शुल्क तथा अन्य वैधानिक स्थानीय आय स्रोतों का अधिकतम उपयोग कर अपनी आय बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र के संभावित आय स्रोतों का चिन्हांकन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगी।

अभियान के प्रथम चरण में प्रत्येक जनपद पंचायत ऐसी 20 ग्राम पंचायतों का चयन करेगी, जहाँ स्वकराधान संग्रहण की सर्वाधिक संभावनाएँ हैं तथा सरपंच, पंचायत सचिव एवं जीआरएस सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि उनके नवाचार एवं सफल प्रयास जिले की अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बन सकें। अभियान का प्रमुख उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी एवं पूर्णतः डिजिटल बनाना है। इसके लिए पंचायत दर्पण पोर्टल के क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन भुगतान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे नागरिक घर बैठे सिटीजन सर्विसेज पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से जलकर, स्वच्छता कर, संपत्ति कर एवं अन्य स्थानीय करों का सुरक्षित एवं सुविधाजनक ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। ग्राम स्तर पर दीवार लेखन, स्लोगन, मुनादी, सूचना बोर्ड, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप एवं अन्य जनसंचार माध्यमों के जरिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों, सरपंचों, पंचायत सचिवों, जीआरएस तथा समय पर कर भुगतान करने वाले उत्कृष्ट करदाताओं को जिला एवं ग्राम स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके नवाचारों एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर उन्हें जिले के लिए मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा।

इस अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। वर्तमान में ऑनलाइन ओएसआर संग्रहण में जनपद पंचायत विजयपुर द्वारा 1,27,872 रूपये के संग्रहण के साथ जिले में प्रथम स्थान पर है। जनपद पंचायत कराहल द्वारा 87,868 रूपये का कर संग्रहण किया गया है तथा जनपद पंचायत श्योपुर द्वारा 86,371 रूपये की राशि का ऑनलाइन संग्रहण किया गया है।

# दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** कुहांजापुर फिटर के पास अभी-अभी एक बेहद खतरनाक और दर्दनाक सड़क हादसा होने का मामला सामने आया है। यहाँ दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आपस में

**राजपुरा के तीन लोग गंभीर रूप से घायल**

आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए और उन पर सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे।

**घायलों की हुई पहचान:** प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में गंभीर रूप



से घायल हुए लोग राजपुरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों की पहचान इस प्रकार हुई है।

विष्णु मीणा (निवासी राजपुरा), राममूर्ति मीणा (निवासी राजपुरा), धरमू मीणा

**स्थानीय लोगों ने पहुँचाया अस्पताल:** एक्सीडेंट की आवाज सुनकर आस-पास के लोग और राहगीर तुरंत मौके पर दौड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए लहूलुहान हालत में पड़े तीनों घायलों को संभाला और तुरंत एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## जिला वॉश तकनीकी समिति का गठन

**श्योपुर, 11 जुलाई।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशो के क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की अध्यक्षता में जिला वॉश (वाटर सेनिटेशन एंड हाईजिन एडं वॉश) तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति में ईई आरईएस सदस्य-सचिव रहेंगे। इसके अलावा ईई पीएचई, महाप्रबंधक अथवा उप महाप्रबंधक जल निगम, परियोजना अधिकारी वीबी जीराम जी, लेखा अधिकारी जिला पंचायत तथा जिला वॉश प्रभारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। जिला वॉश तकनीकी समिति वृहद मरम्मत कार्यो के लिए जनपद स्तर पर एजेंसियों को सूचीबद्ध करेंगी, प्रत्येक जनपद स्तर पर कम से कम तीन तथा अधिकतम 5 एजेंसियों को सूचीबद्ध किया जायेगा। समिति द्वारा ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों, पानी समिति के सदस्यों एवं पम्प ऑपरेटर्स के लिए प्रशिक्षण आयोजित कराने की कार्यवाही भी की जायेगी।

# सावन संध्या 13 को, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर शुरू हो रहे क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना पर आधारित पहला कार्यक्रम 13 जुलाई को श्री हजारेश्वर मेला रंगमच श्योपुर पर

**श्री हजारेश्वर मेला रंगमच पर शाम 6 .30 बजे से होगा आयोजन**

शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। क्रियेटिव श्योपुर अंतर्गत आयोजित होने वाला यह पहला कार्यक्रम सावन की थीम पर आधारित होगा।




सुरमयी श्योपुर-सावन संध्या के बैनर तले आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सहायक संचालक शुभम अग्निहोत्री, जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन, प्राचार्य महाविद्यालय डॉ ओपी शर्मा, सीएमओ नरेन्द्र जाटव सहित नवोदय, केवीके एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारो, लोक गायको तथा गीत-संगीत में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों, आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंच उपलब्ध होगा।

सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित सुरमयी श्योपुर-सावन संध्या गीत संगीत कार्यक्रम में स्थानीय बोली-भाषा, गायनशैली, लोक गीत सहित स्थानीय वादय यंत्रों के वादन से जुडे लोक कलाकारों को प्रोत्साहन हेतु मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी तथा नागरिक जो गीत संगीत से जुडे हुए है अथवा रूचि रखते है, वे भी इसमें भाग ले सकेंगे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय श्योपुर के मैटरनिटी वार्ड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार

**विजयपुर में रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश**

नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. एन. बिंदल ने उपस्थित हितग्राहियों एवं परिजनों को






संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए छोटा एवं संतुलित परिवार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों को अपनाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जी. एस. धाकड़, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. श्वेता गुप्ता, डॉ. कान्हा राम एवं डॉ. यीशा शिवहरे ने भी परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों, सुरक्षित मातृत्व, जन्म अंतराल तथा जनसंख्या नियंत्रण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन अपनाने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है तथा परिवार का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफएवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान हितग्राहियों को परिवार नियोजन संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राघवेंद्र कर्ण ने उपस्थित लोगों को बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारियों ने परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर से निकाली गई इस रैली में सी.एच.सी. विजयपुर के चिकित्सा स्टाफद्वारा सहभागिता की गई।

# पाली फीडर एवं धानमिल फीडर की , आज बंद रहेगी बिजली

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** 33 केव्ही फीडरों पर लाइनों के सुदृढीकरण कार्य होने के कारण 33 केव्ही पाली फीडर तथा 33 केव्ही धानमिल फीडर से 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से 33 केव्ही पाली फीडर से जुडे क्षेत्र वार्ड नंबर 14,15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी, बडौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा, मछली मार्केट, भोई मोहल्ला, रेगर मोहल्ला, गांधीगर, खरंजा रोड, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी, चंबल कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने, जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, महाराणा प्रताप नगर, नागदा रोड, मजिस्द के पीछे, चिंताहरण मंदिर के पीछे, कैनरा बैंक गली, मधुवन नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी,

**प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी**

प्राची नगर, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे फाटक, एससीआई गोदाम एरिया में विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

इसी प्रकार 33 केव्ही धानमिल फीडर से जुडे क्षेत्र हिन्दू धर्मशाला, गैस एजेंन्सी रोड़, बालापुरा, जय स्तम्भ, मैन बाजार, चूड़ी बाजार, घास गली, बोहरा बाजार, टोडी बाजार, ब्राह्मण पाडा, मोती टिकिया, हम्बाल मोहल्ला, पुरानी कचहरी, पुरानी सब्जी मण्डी, छिपा मोहल्ला आनन्द नगर, चैनपुरा, पुलिस लाईन, जैन होटल के पीछे, डाक्टर कॉलोनी, पाम होटल ऐरिया गिट्टी केसर, अस्पताल, स्टेडियम, ढेंगदा, ईको सेंटर, जिला पंचायत, न्यायालय मजिस्टेट कॉलोनी, शिवपुरी रोड़ विकास नगर, हाउसिंग बोर्ड, केंन्द्रीय विधालय, शिवपुरी रोड चूंगी नाके तक, पटवारी कॉलोनी, शिव नगर कॉलोनी कण्डेल बाजार, भैस पाड़ा, किला बगीची, चतरदास का टिला, गुलेया मोहल्ला, गुलाब बाडी, हरिजन बस्ती, ईदगाह रोड प्रभावित रहेंगे।

# अवैध सब्जी मंडी हटाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 11 जुलाई।** नगर की आवासीय कॉलोनी मंडी संतर नंबर 5 में अवैध रूप से लग रही खेरीज सब्जी मंडी को हटाने के लिए कॉलोनी के नागरिकों ने आज एस डी एम मेघा तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

मंडी संतर नंबर 5 एक आवासीय कॉलोनी है जिसमें संभ्रांत नागरिक निवास करते हैं कुछ दिन पूर्व जो सब्जी मंडी एम एस रोड पर सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन पर लगती है वहां से एस डी एम मेघा तिवारी द्वारा उनको हटाकर अन्यत्र कृषि उपज मंडी में जगह दी गई सब्जी विक्रेताओं ने वहां ना जाकर





कॉलोनी के अंदर मकानों के आगे अपनी अपनी सब्जी की दुकानें लगा ली जिससे मंडी संतर नंबर 5 में रह रहे रहवासियों का रहना ओर घर से निकलना मुश्किल हो गया है जब कॉलोनी के रहवासी इन अवैध सब्जी विक्रेताओं का विरोध करते हैं तो यह सब्जी विक्रेता लड़ने को तैयार हो जाते हैं और गाली गलौच करते हैं सड़क पर दोनों ओर फड़ लगाकर सब्जी की दुकानें लगाने से कॉलोनी के अंदर चार पहिया वाहन तो क्या दो पहिया वाहन भी नहीं जा सकता वही सड़ी गली सब्जी सड़क पर इनके द्वारा फेंकने पर आवारा पशु साड़ स्वच्छंद विचरण करते हैं और आपस में लड़ते हैं जिससे कभी भी इनके द्वारा गंभीर हादसा हो सकता है सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़ी गली सब्जी नालियों मे फेक दी जाती है जिससे नाले ओर नालियां चोक हो जाती हैं और गंदा पानी सड़को पर फैलता है।

कॉलोनी के रहवासियों ने एस डी एम मेघा तिवारी से इस अवैध सब्जी मंडी को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है जिससे कालोनी वासी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। ज्ञापन देने बालों में सुनील मिश्रा घोटू गुप्ता सुनील गुप्ता शैलेंद्र बोहरे रविन्द्र शुभम विक्की आलोक विट्ठू आदि उपस्थित रहे।

# ढोढ़र शासकीय स्कूल के पास का मुख्य रास्ता बना आफत

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** ग्राम पंचायत ढोढर के शासकीय स्कूल के समीप से गुजरने वाला मुख्य आम रास्ता इन दिनों राहगीरों और ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। यह रास्ता, जो बद्री खदना होते हुए सीधे नहर रोड को जोड़ता है, हर साल बारिश के मौसम में पूरी तरह से कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है। वर्तमान में इस रास्ते की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि यहाँ से पैदल निकलना तो दूर, वाहनों का गुजरना भी पूरी तरह से दूभर हो गया है।

**हर साल की वही कहानी, जनता को परेशानी :** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश



शुरू होते ही इस रास्ते पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो जाता है। शासकीय स्कूल के पास होने के कारण छोटे-छोटे स्कूली बच्चों और आम जनता को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक यहाँ फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन मौन साधे बैठा है।

बड़ा सवाल- आखिर कब जागेगी ग्राम पंचायत और जनप्रतिनिधि?

इस बदहाली को देखकर अब क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर व्यवस्था और राजनीति पर सवाल उठाते हुए पूछा है।

क्या ग्राम पंचायत, प्रशासनिक अधिकारी और बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता इस रास्ते के सुधार की जिम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं? क्या चुनाव बीत जाने के बाद जनता को इस हाल में छोड़ देना ही इनका काम है?ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की सुध नहीं ली गई और इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन और प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि इस गंभीर समस्या पर कुंभकर्णी नींद में सोई ग्राम पंचायत और जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं।

# आधी रात का सियासी ड्रामा : कराहल तहसीलदार बोले

**मैं पूरा रामराज्य तो स्थापित नहीं कर सकता, नीचे के अमले से मैं खुद भी त्रस्त हूँ**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 11 जुलाई।** कराहल में देर रात उस समय प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे क्षेत्रीय विधायक को मनाने खुद तहसीलदार नरेश रायपुरिया मौके पर पहुंचे। आधी रात को सड़क पर बैठे विधायक और तहसीलदार के बीच हुई इस तीखी और लाचारगी भरी बातचीत का मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

**नीचे का अमला कैसा है आप तो जानते हो :** धरना स्थल पर विधायक को समझाने पहुंचे तहसीलदार नरेश रायपुरिया का एक बेहद चौंकाने वाला बयान सामने आया है। बातचीत के दौरान बेबसी जताते हुए तहसीलदार ने कहा: मैं पूरा रामराज्य तो स्थापित नहीं कर सकता, मैं भी एक इंसान हूँ। आप तो खुद जानते हो कि नीचे का अमला कैसा है, मैं खुद भी उनसे त्रस्त (परेशान) हूँ। उन्हें जैसे-तैसे सुधारने की कोशिश कर रहा हूँ। एकदम से इतने कम समय में आपकी सभी समस्याओं का निराकरण कर दूँ, यह संभव नहीं है। आपको भी इस स्थिति को समझना होगा।

**तहसीलदार की लाचारगी भी नहीं पिघला सकी विधायक का गुस्सा :** प्रशासनिक मुखिया द्वारा नीचे के कर्मचारियों (पटवारी/राजस्व अमले) की कार्यप्रणाली पर खुद ही सवाल उठाने और लाचारगी जताने के बाद भी बात नहीं बनी। तहसीलदार नरेश रायपुरिया की इस लंबी समझाइश और मिन्नतों का विधायक पर कोई असर नहीं हुआ।

**वार्ता विफल, जारी रहा धरना :** इतनी लंबी बातचीत और प्रशासनिक वादों के बाद भी यह हाई-वोल्टेज ड्रामा खत्म नहीं हुआ। विधायक ने साफकह दिया कि जब तक समस्याओं का धरातल पर ठोस निराकरण नहीं होता, वे टस से मस नहीं होंगे। तहसीलदार की वार्ता पूरी तरह विफल रही और देर रात बीत जाने के बाद भी विधायक अपने समर्थकों के साथ धरने पर डटे रहे।

इस घटना के बाद अब क्षेत्र के राजस्व अमले की कार्यशैली और भ्रष्टाचार के आरोपों पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

श्योपुर में सियासी उबाल पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी का कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा पर बड़ा हमला, बोले विधायक शबरी माता आश्रम के नाम पर दलाली करना चाहते हैं

श्योपुर जिले के कराहल में चल रहा प्रशासनिक और राजनीतिक घटनाक्रम अब पूरी तरह से जुबानी जंग में तब्दील हो चुका है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सीताराम आदिवासी ने धरने पर बैठे क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए उन पर तीखा हमला बोला है। सीताराम आदिवासी ने विधायक मुकेश मल्होत्रा को सीधे तौर पर (धोखेबाज) करार देते हुए कहा कि वे जनहित के मुद्दों के बहाने केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं।

शबरी माता आश्रम के नाम पर दलाली करना चाहते हैं , विधायक

पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने कांग्रेस विधायक पर आदिवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कड़े शब्दों में कहा- कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा शबरी माता आश्रम के नाम पर दलाली करना चाहते हैं। वे जनता को गुमराह कर रहे हैं। कराहल तहसील में जो धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, वह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए नहीं, बल्कि पूरी तरह से कांग्रेस का एक सुनियोजित





राजनीतिक स्टंट और प्रदर्शन है।

**प्रशासन की कार्रवाई को ठहराया सही, लगाया भड़काने का आरोप :** सीताराम आदिवासी ने कराहल में चल रही प्रशासनिक व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई का पूरी तरह समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन नियम और कानून के दायरे में रहकर बिल्कुल सही काम कर रहा है। इसके विपरीत, कांग्रेस विधायक क्षेत्र का माहौल खराब करने और लोगों को भड़काने की राजनीति कर रहे हैं।

**जो भी विकास हुआ, भाजपा राज में हुआ:** कराहल और विजयपुर क्षेत्र में स्थानीय मुद्दों तथा क्षेत्र के पिछड़ेपन पर बात करते हुए भाजपा नेता ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने दावा किया कि इस आदिवासी अंचल में चाहे वह सड़कों का जाल हो, पानी की व्यवस्था हो या अन्य बुनियादी ढांचा/क्षेत्र का जितना भी विकास हुआ है, वह सब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकाल में ही संभव हो पाया है। कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों का केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।

**पल-पल बदल रहे समीकरण:** एक तरफजहाँ कराहल में प्रशासनिक अमले की कार्यशैली को लेकर कांग्रेस विधायक धरने पर डटे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफभाजपा की ओर से आए इस बड़े और तीखे बयान ने श्योपुर की राजनीति में नया भूचाल ला दिया है। अब देखना यह होगा कि पूर्व विधायक के इस दलाली वाले संगीन आरोपों पर कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा क्या पलटवार करते हैं।